**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-3309**
**बुधवार, 24 मार्च, 2021/3 चैत्र, 1943 (शक)**

**ओडिशा में महिलाओं के लिए योजनाएं**

**3309. श्री सुजीत कुमारः**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विभिन्न राज्यों, विशेषकर ओडिशा में महिलाओं के लिए संचालित प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण और रोजगार सृजन कार्यक्रमों और इनमें शामिल क्षेत्रों/व्यापारों का ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान जारी की गई निधि और इसमें से उपयोग की गई कुल धनराशि का ओडिशा सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त अवधि के दौरान उक्त योजनाओं के माध्यम से कितनी महिलाओं को रोजगार प्राप्त हुआ ओडिशा सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(श्री संतोष कुमार गंगवार)**

(क) से (ग) कौशल भारत मिशन के तहत, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) कौशल विकास एवं राष्ट्रीय प्रशिक्षुता संवर्द्धन योजना (एनएपीएस) हेतु प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई), जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) का कार्यान्वयन कर रहा है।

शुरूआत से पीएमकेवीवाई 2.0 (2016-20) के तहत, योजना के कार्यान्वयन के लिए कार्यान्वयन करने वाले अभिकरणों को जनवरी, 21 तक 7115 करोड़ (लगभग) की निधियां संस्वीकृत की गई है। पीएमकेवीवाई 2.0 (2016-20) के दो घटक नामतः केंद्र प्रायोजित केंद्र प्रबंधित (सीएससीएम) एवं केंद्र प्रायोजित राज्य प्रबंधित (सीएसएसएम) हैं। पीएमकेवीवाई 2.0 (2016-20) के सीएसएसएम घटक के तहत राज्य-वार निधियों के आवंटन का प्रावधान है। गैर/नए साक्षर व्यक्तियों के व्यावसायिक कौशल एवं तकनीकी ज्ञान में सुधार करने के उद्देश्य से देश में अपने संस्थागत ढांचे के माध्यम से जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) योजना कार्यान्वित की जा रही है। इसके अतिरिक्त, सरकार ने प्रशिक्षुता प्रशिक्षण को बढ़ाने तथा प्रशिक्षुओं की व्यस्तता में वृद्धि करने के उद्देश्य से एमएसएमई सहित प्रतिष्ठानों की अधिकतम संख्या तक पहुंच के लिए विशेष प्रयासों वाली राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्द्धन योजना (एनएपीएस) प्रारंभ की है।

उपर्युक्त के अतिरिक्त, सरकार ने महिलाओं सहित देश में रोजगार का सृजन करने के लिए पर्याप्त निवेश वाली विभिन्न परियोजनाओं को प्रोत्साहन देने और प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस), पं. दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) तथा दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई-एनयूएलएम) जो कि क्रमशः सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय तथा आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित की जा रही हैं, जैसी योजनाओं पर सार्वजनिक व्यय में वृद्धि करने जैसे विभिन्न कदम उठाए हैं।

सीएसएसएम-पीएमकेवीवाई 2.0 (2016-20), जेएसएस एवं एनएपीएस के तहत संवितरित निधियों का राज्य-वार ब्यौरा अनुबंध-। के कॉलम (क) पर दिया गया है।

पीएमकेवीवाई 2.0 (2016-20) (सीएससीएम+सीएसएसएम), जेएसएस एवं एनएपीएस के तहत लाभान्वित अभ्यर्थियों की राज्य-वार संख्या अनुबंध-। के कॉलम (ख) में दी गई है।

पीएमकेवीवाई 2.0 (2016-20) के तहत लाभान्वित महिला अभ्यर्थियों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या अनुबंध-।। पर दी गई है।

अनुबंध-I

**राज्य सभा के दिनांक 24-03-2021 के अतारांकित प्रश्न संख्या 3309 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**पीएमकेवीवाई 2.0 (2016-20), जेएसएस एवं एनएपीएस के तहत संवितरित निधियों एवं लाभार्थी अभ्यर्थियों का राज्य-वार ब्यौरा**

| राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र | संवितरित निधियां (क) | | | प्रशिक्षित अभ्यर्थी (ख) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | सीएसएसएम-पीएमकेवीवाई 2.0 (जनवरी'21 तक) (रु.में) | एनएपीएस (2016-20 से 20-21 जनवरी'21 तक) (करोड़ में) | जेएसएस (2018-19 to 20-21 अगस्त'20 तक) (रु.में) | सीएससीएम एवं सीएसएसएम - पीएमकेवीवाई 2.0 | शिक्षुओं की संख्या | जेएसएस (2018-19 से 20-21 (जनवरी'21) |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 2,10,94,164 | 0 | | 2,462 | 0 | |
| आंध्र प्रदेश | 54,92,66,464 | 11.532 | 6,27,80,766 | 2,88,370 | 33,324 | 16,683 |
| अरुणाचल प्रदेश | 14,42,49,768 | 0 | 65,25,000 | 67,839 | 0 | 726 |
| असम | 36,95,32,800 | 0 | 5,39,22,411 | 6,21,930 | 7,664 | 13,659 |
| बिहार | 36,81,62,449 | 0.157 | 11,44,19,724 | 4,52,919 | 4,201 | 35,701 |
| चंडीगढ़ | 6,15,88,800 | 0.104 | 90,15,773 | 18,197 | 1,407 | 2,694 |
| छत्तीसगढ | 35,57,76,000 | 0.071 | 6,46,22,934 | 1,10,433 | 12,303 | 19,567 |
| दिल्ली | 15,39,72,000 | 0.43 | 2,92,69,765 | 3,58,277 | 15,541 | 8,225 |
| गोवा | 10,70,25,937 | 0.022 | 1,06,33,720 | 6,845 | 1,932 | 2,874 |
| गुजरात | 46,94,93,826 | 30.912 | 10,23,75,336 | 3,28,356 | 1,98,675 | 27,786 |
| हरियाणा | 36,56,99,375 | 15.479 | 4,93,85,867 | 5,23,106 | 1,06,092 | 13,745 |
| हिमाचल प्रदेश | 21,55,60,800 | 0.24 | 59,25,000 | 1,06,608 | 11,737 | 3,124 |
| जम्मू और कश्मीर | 22,94,18,280 | 0.1 | 1,61,47,336 | 2,54,382 | 2,243 | 5,047 |
| झारखंड | 29,59,64,978 | 1.744 | 2,43,85,697 | 2,62,045 | 26,688 | 7,992 |
| कर्नाटक | 21,43,95,135 | 4.082 | 8,33,29,296 | 4,13,738 | 65,479 | 26,812 |
| केरल | 22,00,25,988 | 1.298 | 8,78,78,194 | 2,26,789 | 23,716 | 23,387 |
| लद्दाख | 0 | 0 | 0 | 2,267 | 0 | 0 |
| लक्षद्वीप | 1,23,17,760 | 0 | 0 | 150 | 0 | 0 |
| मध्य प्रदेश | 27,32,80,576 | 4.734 | 27,38,01,656 | 6,51,665 | 33,297 | 78,951 |
| महाराष्ट्र | 85,77,62,615 | 19.768 | 20,52,82,890 | 9,88,847 | 2,19,201 | 59,878 |
| मणिपुर | 32,59,88,939 | 0 | 3,02,56,624 | 75,946 | 11 | 7,522 |
| मेघालय | 12,77,96,760 | 0 | 0 | 37,726 | 73 | 0 |
| मिजोरम | 22,12,73,161 | 0 | 0 | 24,647 | 0 | 0 |
| नागालैंड | 25,44,76,980 | 0 | 84,25,000 | 31,323 | 0 | 2,500 |
| ओडिशा | 27,71,49,600 | 0.966 | 16,43,98,775 | 4,55,033 | 19,965 | 45,136 |
| पुडुचेरी | 11,34,51,280 | 0.251 | | 18,894 | 2,382 | |
| पंजाब | 40,39,52,000 | 1.85 | 1,95,44,859 | 3,40,522 | 13,755 | 5,001 |
| राजस्थान | 26,19,35,789 | 3.97 | 4,91,19,636 | 9,09,477 | 18,381 | 13,351 |
| सिक्किम | 4,77,31,320 | 0.144 | | 10,281 | 142 | |
| तमिलनाडु | 68,86,21,440 | 10.409 | 6,85,56,432 | 5,20,389 | 59,126 | 19,566 |
| तेलंगाना | 31,54,64,472 | 2.398 | 6,02,91,609 | 2,77,484 | 37,019 | 20,526 |
| दादर और नगर हवेली और दमन और दीव | 4,11,10,524 | 0.231 | 1,02,23,272 | 10,119 | 795 | 2,172 |
| त्रिपुरा | 22,80,06,870 | 0.001 | 80,72,037 | 1,17,731 | 1,418 | 2,555 |
| उत्तर प्रदेश | 52,26,00,000 | 9.429 | 46,89,89,445 | 15,87,314 | 89,275 | 1,31,090 |
| उत्तराखंड | 52,50,78,040 | 2.609 | 5,75,96,198 | 2,16,544 | 13,639 | 17,858 |
| पश्चिम बंगाल | 38,04,64,812 | 1.902 | 7,80,85,550 | 3,77,427 | 15,489 | 20,863 |
| योग | **10,01,96,89,702** | **124.833** | **2,22,32,60,802** | **1,06,96,082** | **10,34,970** | **6,34,991** |

अनुबंध-II

**राज्य सभा के दिनांक 24-03-2021 के अतारांकित प्रश्न संख्या 3309 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**पीएमकेवीवाई योजना के तहत रिपोर्टित नियोजित महिलाओं की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या**

| राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र | प्रशिक्षत | प्रमाणित | रिपोर्ट किए गए नियोजित |
|---|---|---|---|
| अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 1,179 | 492 | 113 |
| आंध्र प्रदेश | 1,27,589 | 98,553 | 41,062 |
| अरुणाचल प्रदेश | 41,485 | 20,135 | 2,843 |
| असम | 3,75,490 | 2,31,974 | 25,265 |
| बिहार | 1,56,555 | 1,23,212 | 34,531 |
| चंडीगढ़ | 9,046 | 7,256 | 2,935 |
| छत्तीसगढ | 52,751 | 40,319 | 13,463 |
| दिल्ली | 1,66,326 | 1,38,142 | 40,723 |
| गोवा | 1,819 | 1,376 | 357 |
| गुजरात | 1,33,209 | 1,08,986 | 33,788 |
| हरियाणा | 1,81,509 | 1,54,175 | 71,214 |
| हिमाचल प्रदेश | 57,352 | 46,165 | 14,305 |
| जम्मू और कश्मीर | 1,22,805 | 96,325 | 29,474 |
| झारखंड | 1,10,088 | 88,899 | 13,378 |
| कर्नाटक | 1,52,399 | 1,23,468 | 27,306 |
| केरल | 90,514 | 70,406 | 10,704 |
| लद्दाख | 1,388 | 950 | 584 |
| लक्षद्वीप | 44 | 8 | 0 |
| मध्य प्रदेश | 2,83,355 | 2,28,959 | 89,094 |
| महाराष्ट्र | 2,94,580 | 2,20,390 | 26,911 |
| मणिपुर | 57,203 | 38,939 | 7,233 |
| मेघालय | 19,766 | 13,132 | 4,127 |
| मिजोरम | 15,333 | 8,807 | 4,379 |
| नागालैंड | 19,535 | 13,392 | 2,527 |
| ओडिशा | 1,62,419 | 1,20,910 | 25,833 |
| पुडुचेरी | 10,141 | 8,447 | 5,596 |
| पंजाब | 1,64,516 | 1,33,715 | 59,365 |
| राजस्थान | 3,55,630 | 3,20,091 | 65,518 |
| सिक्किम | 5,732 | 3,845 | 862 |
| तमिलनाडु | 2,96,173 | 2,40,154 | 93,093 |
| तेलंगाना | 1,11,032 | 92,211 | 47,211 |
| दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 4,793 | 4,100 | 1,466 |
| त्रिपुरा | 51,931 | 34,699 | 5,270 |
| उतार प्रदेश | 6,60,542 | 5,39,375 | 1,23,267 |
| उत्तराखंड | 1,20,768 | 96,463 | 24,937 |
| पश्चिम बंगाल | 1,56,649 | 1,26,670 | 45,284 |
| कुल योग | 45,71,646 | 35,95,140 | 9,94,018 |